चित्रकूट पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय व क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह व उनकी टीम ने ग्राम मुरका में खेत से चोरी के 02 आरोपी अभियुक्तों को चोरी किये गये 04 अदद सोलर पैनल,02 अदद बैटरी,01 अदद इन्वर्टर,01 अदद झटका मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों का नाम पता का विवरण-

1.रामबाबू पटेल पुत्र लालता प्रसाद

2.शैलेद्र सिंह उर्फ माझिल पुत्र देवराज निवासीगण मोजरा मुरका थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट

बरामदगी-

04 अदद सोलर पैनल

02 अदद बैटरी

01 अदद इन्वर्टर

01 अदद झटका मशीन बरामद

गिरफ्तारी का स्थान/दिनाँक-

फरहेट फैक्ट्री के पास से थाना बरगढ़, दि0 10.06.2026

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 09.06.2026 को वादी रामबरन सिह पुत्र शिवशंकर यादव निवासी ग्राम सडवा कला ,औधौगिक क्षेत्र,यमुना नगर (कमिश्नरेट प्रय़ागराज) द्वारा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट में सूचना दी गयी कि खेती किसानी का काम करने के लिये उनके द्वारा ग्राम मोजरा मुकरा थाना बरगढ में कुछ जमीन मय मकान के खरीदी थी जिसमें सिचाई हेतु 04 अदद सोलर पैनल,02 अदद बैटरी,01 अदद इन्वर्टर,01 अदद झटका मशीन लगाया गया था।दिनांक 12.05.2026 की रात्रि में सिचाई के लिये लगा पैनल ,बैटरी,मशीन आदि चोरी हो गये जानकारी करने पर पाया कि रामबाबू पटेल पुत्र लालता प्रसाद ,शैलेद्र सिंह उर्फ माझिल पुत्र देवराज निवासीगण मोजरा मुरका थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट द्वारा उसे चोरी किया गया है। सूचना के आधार पर थाना बरगढ़ में मु0अ0स0 65/26 धारा 303(2) बीएनएस बनाम रामबाबू पटेल उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

आज दिनाँक 10.06.2026 को उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फरेहट फैक्ट्री थाना बरगढ़ के पास से अभियुक्त 1.रामबाबू पटेल पुत्र लालता प्रसाद 2.शैलेद्र सिंह उर्फ माझिल पुत्र देवराज निवासीगण मोजरा मुरका थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया एवं अभियक्तों के पास से चोरी का 04 अदद सोलर पैनल,02 अदद बैटरी,01 अदद इन्वर्टर,01 अदद झटका मशीन बरामद किया गया बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह

2.उ0नि0 श्री चन्द्रमौल शर्मा

3. आरक्षी विनोद कुमार यादव

4.रि0आ0 अस्मित यदुवंशी

5.रि0आ0 शिवम यादव

(3).पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री श्रीप्रकाश यादव एवं पैरोकार आरक्षी पुष्पेन्द्र यादव द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ श्री एस.आनन्द द्वारा दिनांक 10.06.2026 को थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 98/10 धारा 323 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त राजेश पुत्र कबूतर निवासी पूरब पताई थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 1000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(4).आज दिनांक 10.06.2026 चकरेही चौराहा, थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात आरक्षी कमलेश विश्वकर्मा ने देखा कि एक बुजुर्ग व्यक्ति अत्यधिक गर्मी के कारण अचानक सड़क पर गिर पड़े। स्थिति को देखते हुए आरक्षी द्वारा तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छाया में बैठाया गया तथा ग्लूकोज घोल तैयार कर पिलाया गया।
कुछ समय पश्चात बुजुर्ग की तबीयत में सुधार हुआ और उन्हें काफी राहत मिली। पूछताछ करने पर बुजुर्ग ने अपना नाम रामहित निवासी ग्राम भंभौर, थाना राजापुर, जनपद चित्रकूट बताया।
इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों द्वारा यातायात पुलिस चित्रकूट की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

(5).दिल्ली अग्निकांड के बाद चित्रकूट में बढ़ी सतर्कता; मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने होटलों का किया औचक निरीक्षण
देश की राजधानी दिल्ली में मालवीय नगर के होटल फलोरिश में लगी भयानक आग के दृष्टिगत तथा पुलिस महानिदेशक उ०प्र० अग्निशमन तथा आपात सेवा लखनऊ के आदेश दिनांक-03.06.2026 के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अग्निशमन सुरक्षा, बचाव, जागरूकता के सम्बन्ध में अभियान चलाकर होटलों निरीक्षण किया गया।
श्री पवन कुमार त्यागी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चित्रकूट के द्वारा में आज दिनांकः 10.06.2026 को जनपद चित्रकूट के विभिन्न होटलो का निरीक्षण किया गया तथा अग्निसुरक्षा उपकरणों का रख-रखाव आग के खतरों को कम करने व किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित पलायन के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया एवं कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन प्रशिक्षण / मॉकड्रिल का आयोजन कराया गया अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी गई। निरीक्षण किये गये होटल निम्नवत् है।
1. बृजरानी गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।
2. अग्रवाल गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।
3. खुशी गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।
4. साई गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।
5. कृष्णा गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।
6. राम गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड।